# दिनभर चला धरना और प्रदर्शनों का सिलसिला

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा को झांसा देकर हजारों ठगे

**देहरादून।** कोतवाली थाना पुलिस ने नवीं की छात्रा को ब्लैकमेल करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसने छात्रा को डरा-धमकाकर कर करीब 50 हजार रुपये ले लिए। पीड़िता ने यह बात परिजनों को बताई। इसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया। एसओ कोतवाली एसएस बिष्ट ने बताया कि आरिफ निवासी गांधी रोड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में छात्रा के पिता की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था। छात्रा ने बताया कि लोडर चलाने वाला आरोपित उसको परेशान करता था। परेशान करने के दौरान उसने कई झूठी बातें बताकर छात्रा को डरा दिया। आरोपित छात्रा को हमेशा बदनाम करने की धमकी देता था। इस दौरान उसने 50 हजार रुपये से ज्यादा ऐंठ लिए। आरोपित ने और पैसों की मांग की तो पीड़िता ने परिजनों को यह बात बतायी।

### पुजारी ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**देहरादून।** जिला कारागार सुद्धोवाला परिसर में बने शिव मंदिर के पुजारी ने जेल प्रशासन पर शोषण का आरोप लगाया है। शनिवार को मंदिर के पुजारी विजय प्रसाद भट्ट ने आरोप लगाया कि जेल में तैनात पुलिस के बड़े अधिकारियों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। उससे मंदिर से होने वाली कमाई में हिस्सा मांगा जा रहा है। भट्ट ने बताया कि प्रताड़ना से तंग आकर उसने न्यायालय विकासनगर में फौजदारी का वाद दायर किया है। इसके बाद उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। साथ ही मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

## तहसीलों में ठप हुआ कामकाज

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तराखण्ड राजस्व संग्रह अमीन संघ ने चार सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संग्रह अमीनों के हड़ताल पर जाने से तहसील के सभी कार्य ठप हो गए हैं। दून में आंदोलनरत अमीन परेड ग्राउंड में धरने पर बैठे जबकि जिलों में जनपद मुख्यालय व तहसील मुख्यालय पर कर्मचारियों ने धरना दिया।

■ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए संग्रह अमीन
■ चार सूत्री मांगों की अनदेखी से हैं खफा

शनिवार को तयशुदा कार्यक्रम के तहत राजस्व अमीन परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर आयोजित सभा में संघ के प्रांतीय महामंत्री वीरेन्द्र सजवाण ने कहा कि संघ शासन में बैठे हठधर्मी अधिकारियों को चुनौती देता है कि संगठन की चार मांगों के बारे में किसी भी मांग पर प्रश्नचिह्न लगा सकते हैं। संघ उसका तार्किक जवाब देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा जब शासन और सरकार ने सभी चारों मांगों पर सहमति जता दी है तथा नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नति का छह प्रतिशत कोटा भी कैबिनेट ने पारित कर दिया है, तो शासन में बैठे हठधर्मी अधिकारी शासनादेश करने में आनाकानी कर रहे है।

प्रांतीय अध्यक्ष उदयवीर सिंह रावत ने कहा कि संगठन ने चार सूत्री मांगों के बाबत सरकार व शासन को जरूरत से अधिक का समय दिया है, लेकिन उसके बाद भी मांगों का शासनादेश नहीं किया गया। जिसके चलते संघ को हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। अन्य वक्ताओं ने कहा कि संघ की चार सूत्री मांगे जायज है और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, लेकिन शासन में बैठे अधिकारियों ने टकराव की स्थिति अब बना दी है। जिसका उचित जवाब दिया जाएगा।

धरने पर बैठने वालों में सुरेश प्रसाद, वीरेन्द्र रावत, श्रीधर नौटियाल, कंजुवानंद, शशिकांत नैथानी, महिधर प्रसाद धस्माना, परमवीर, हरीश वर्मा, आशीष डोरा, केशव पाण्डे, दीपक उपाध्याय, अजय गुप्ता, श्याम सिंह के अलावा चमोली, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, उधमसिंह नगर व नैनीताल से आए हुए पदाधिकारी शामिल थे।



परेड ग्राउंड में धरना देते राजस्व संग्रह अमीन।

## संविदाकर्मियों ने दिया धरना, आज से भूख हड़ताल की चेतावनी

**देहरादून (एसएनबी)।** ओएनजीसी अस्पताल से हटाए गए संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों ने बहाली की मांग को लेकर ओएनजीसी के चिकित्सालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उन्होंने शीघ्र बहाली न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को ओएनजीसी चिकित्सालय के समक्ष बडी संख्या में ओएनजीसी संविदा पैरामेडिकल कर्मचारी एकत्रित हुए। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस दौरान सभी संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों ने कहा कि उनकी सेवाओं को यथावत रखे जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस मामले पर कार्रवाई नहीं की गई और कर्मचारियों को बहाल न किया गया तो आज तीन अगस्त से भूख हड़ताल आरंभ कर दी जाएगी। इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भूख हडताल के बाद भी ओएनजीसी प्रबंध न जागा तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंध तंत्र ने अकारण ही उन्हें हटाया गया है। जब तक उन्हें पुनः बहाल नहीं किया जाता आंदोलन जारी रहेगा। धरने में चक्रधर प्रसाद, गीतांजलि जुगरान, राजीव गोयल, मदन पाल सहित अनेक कर्मचारी शामिल थे।

## गांधी पार्क से घंटाघर तक निकाला कैंडल मार्च

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तराखंड पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों का धरना 11वें दिन व आमरण अनशन पांचवें दिन जारी रहा। अनशन पर बैठे शिक्षकों की तबीयत नाजुक बनी हुई है। इसके बावजूद संविदा शिक्षकों ने कहा है कि जब तक मांग नहीं मानी जाती प्रदर्शन जारी रहेगा। उधर सरकार की ओर से संविदाकर्मियों के साथ वार्ता नहीं की गई है। इसके विरोध में प्रदर्शनकारियों ने गांधी पार्क से घंटाघर तक कैंडल मार्च किया।



आमरण अनशन पर बैठे पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षक।

शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित धरनास्थल पर पॉलीटेक्निक संविदाकर्मियों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर संविदाकर्मियों ने कहा कि जब तक मांग नहीं मानी जाती आंदोलन जारी रहेगा। उधर आमरण अनशन पर बैठे कर्मचारियों का स्वास्थ्य खराब होने के बाद सरकार की से वार्ता की पहल नहीं की गई है। पिछले 11 दिनों से पांच सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे संविदा शिक्षकों का धरना जारी रहा। इस मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि अनशन के पांचवें दिन तक डाक्टरों की टीम दो बार अनशनकारियों के चेकअप के लिए पहुंची।

■ संविदा शिक्षकों का आमरण अनशन जारी

चौधरी ने कहा कि लिखित आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त किया जाएगा। सर्वेश चौधरी ने आरोप लगाया कि बीते दिन मुख्यमंत्री ने संविदा शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के नाम पर पूरे आठ घंटे तक बीजापुर गेस्ट हाउस में बिठाए रखा। इसके बाद भी शिक्षकों की मांगों पर केवल आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा ऐसे आश्वासन पहले भी दिए गए हैं। जब तक सरकार लिखित में मांगों की पूर्ति का आश्वासन नहीं देती आमरण अनशन जारी रहेगा।

उधर सांय को संविदा शिक्षकों ने कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। गांधी पार्क से होते हुए घंटाघर व घंटाघर से पुनः गांधी पार्क तक कैंडल मार्च द्वारा विरोध प्रकट किया।

## कलेक्ट्रेट कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार हुआ शुरू

**देहरादून (एसएनबी)।** नये स्टाफिंग पैटर्न के विरोध में कलेक्ट्रेट कर्मी और प्रशासन आमने-सामने आ गया है। स्टाफिंग पैटर्न को वापस लेने की मांग को लेकर घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार से कलेक्ट्रेट कर्मियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इससे सोमवार से आम जनता को खासी परेशानी होगी। प्रशासन ने कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार चले जाने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की हैं।

■ प्रशासन की तरफ से अभी बातचीत की नहीं हुई पहल
■ सोमवार से आम जनता को झेलनी पड़ेगी खासी परेशानी

कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय परिसर में कार्य बहिष्कार के बाद कलेक्ट्रेट कर्मी धरने पर बैठे। धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन जबरन कर्मचारियों पर नया स्टाफिंग पैटर्न थोप रहा है। मुख्य राजस्व आयुक्त ने इसे खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा इस मसले पर अभी तक प्रशासन से किसी तरह की बातचीत के लिए कर्मचारियों को न बुलाने से साबित होता है कि उन्हें आम जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बरसात का मौसम होने के बावजूद आपदा के कार्य रूके हुए हैं जबकि पिछले सात माह से चुनाव आचार संहिता के चलते भी कई कार्य ठप हैं।



उन्होंने कहा कर्मचारी तीन साल पुरानी व्यवस्था पर ही काम करेंगे। धरने पर संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला सचिव देवेंद्र सुन्द्रियाल, आशीष जोशी, राजेंद्र रावत, अजय गोयल, अनिल कुमार, रविन्द्र कुमार व सुरेंद्र सिंह आदि कर्मचारी बैठे थे।

## छात्रों को अनुशासित जीवन जीने की सलाह

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तरांचल विश्वविद्यालय में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व लॉ पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी गई।

■ उत्तरांचल विवि में नया शिक्षा सत्र शुरू
■ ओरिएंटेशन प्रोग्राम में विवि की उपलब्धियों व लॉ पाठ्यक्रम की जानकारी दी

शनिवार को विधि संकाय के सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तरांचल विश्वविद्यालय के नये शिक्षा का सत्र का उद्घाटन चांसलर जितेन्द्र जोशी ने किया। नये शिक्षा सत्र के पहले दिन लॉ छात्रों ने रिपोर्टिंग की। विश्वविद्यालय परिसर में नवागंतुक छात्रों से गुलजार था। इसमें उत्तराखंड, अंडमान निकोबार समेत 24 राज्यों के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

इस अवसर पर जोशी ने छात्रों को अनुशासित जीवन जीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लॉ स्नातकों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद है। लॉ कालेज देहरादून के प्राचार्य डा. राजेश बहुगुणा ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने छात्रों को विधि शिक्षा की रूपरेखा बताई। वाइस चांसलर प्रो. एससी जोशी ने विश्वविद्यालय व पासआउट छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



नये शिक्षण सत्र की शुरुआत करते उत्तरांचल विवि के पदाधिकारी।

इस मौके पर डा. अभिषेक जोशी, डा. पूनम रावत, कुमार आशुतोष, शैली ठाकुर, अंजुम परवेज, विजय श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, डा. अनिल दीक्षित, डा. प्रभा लामा, विनोद कुमार, केके तिवाड़ी, मोहित शर्मा, सीके बडोनी, अमित कुमार उपाध्याय, अवनीश भट्ट, दिग्विजय सिंह, कुलजीत सिंह, हरमीत सिंह, अमित उनियाल, बासुकी नाथ दुबे, मो. हैदर, सुजान सिंह नेगी, प्रवीन लखेड़ा, राजीव कुमार सिंह व गगनदीप कौर सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पुलिस ने बैटरी चोर गैंग पकड़ा

**देहरादून (एसएनबी)।** राजपुर पुलिस ने चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह स्कार्पियों पर सवार होकर वारदात को अंजाम देता है। चोरों का यह गैंग बड़े वाहनों से कीमती बैटरी चुराता था। पुलिस टीम को एसएसपी अजय रौतेला ने पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसओ राजपुर राजेश शाह ने बताया कि मांगेराम (30) पुत्र राजपाल निवासी सहारनपुर, शुभम कुमार (18) पुत्र कदम सिंह निवासी सहारनपुर तथा आदेश कुमार (20) पुत्र कदम सिंह निवासी सहारनपुर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पांच बैटरियां बरामद हुई हैं। बीते दिनों से सहस्त्रधारा इलाके के लोगों ने पुलिस को ऐसी घटना की शिकायत की थी। लोगों ने बताया था कि रात में कुछ लोग सड़क किनारे खड़े वाहनों की बैटरी चोरी कर ले रहे हैं।

■ स्कार्पियो पर सवार होकर करते थे चोरी
■ राजपुर पुलिस को मिली कामयाबी

बीते 27 जुलाई को ग्राम बांडावाली निवासी वीर सिंह की तरफ से इसका केस दर्ज कराया गया था। उस मामले में पांच डंपर बैटरी चोरी हो गई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस को पहले ठेली पर जामुन बेचने वाले मोनू नाम के युवक पर संदेह हुआ। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह तीन दोस्तों साथ मिलकर बैटरियां चोरी करता है। आरोपितों के पास से स्कार्पियो (यूके-08-एबी-6899) बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि पांच मुकदमा झेल रहा मांगेराम पहले भी चोरी के आरोप में जेल की हवा खा चुका है।


आओ चलें ...... बाजार

क्वालीफाइड यौन रोगों में माहिर
आयुर्वेदाचार्य द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन
9458147942, 9458147943
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें 9758747321

आओ चलें ... ऋषिकेश बाजार

INFO International (Institute of Information Technology & Management)
246 Banikhandi Road Rishikesh
Ph. (0135) 6538178
DOEACC O-Level PGDCA DCA
ADMISSION NOTICE
Special Offer For Limited Seat
Contact to : 9410355771

जीवन ज्योति क्लीनिक
मदर एण्ड चाइल्ड केयर सेन्टर
डॉ. सावित्री उनियाल

INDIA VISION
Panasonic LG
3D Led TV Refrigerators & Washing Machine etc.
Lajpat Rai Marg Rishikesh-249201
0135-2437108

घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त करें
10वीं/12वीं/BA/B.Ed./M.Ed./LLB/LLM/MA/MPhil/Phd/Dip/B.Tech/M.Tech/MBA/
UGC द्वारा मान्यता प्राप्त Univ.
सबसे कम फीस हमारी
9410926333
9410926222

प्रसाद हॉस्पिटल
(एडवांस लेप्रोस्कोपी सेन्टर)
24 घंटे अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा
फोन : 0135-2438619
मो. : 9997766555

FASHION DESIGNING
IFT INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY
30, Adarsh Nagar, Rishikesh (U.K.)
Mob.: 7895730500

CAREER watch....

Smt. Tarawati Institute Of Bio-medical & Allied Sciences
Approved By "AICTE, Ministry of Hrd Govt. Of India, PCI New Delhi Affiliated To : UTU, Dehradun, UBTE, Roorkee
Admission/Registration Open For
M. PHARMA B. PHARMA
PHARMACEUTICS FOUR YEAR DEGREE COURSE
D. PHARMA
TWO YEAR DIPLOMA COURSE
Eligibility : As Per State Govt/UBTE
Dehradun Road, Saliyar, Roorkee, Haridwar
Mobile :08126065915,09012046812,09917260189
E-Mail : stibasphurm.com, Website : www.stibas.org

होटल मैनेजमेंट
Applications are invited in the following job oriented courses :-
MBA (HM) BHM DHM PGDHM
For information, call at- 9837080706, 9917093069, 8449050607
Amazon Institute of Hotel Tourism & Management
Sahastradhara Road, Near Petrol Pump, Dehradun

HOTEL THE AMARIS
299, DEHRADUN ROAD, RISHIKESH (UK)

फ्लैक्स बोर्ड, बैनर
सस्ती दरों पर उपलब्ध
ट्राफियां भी उपलब्ध है
पेजमेकर्स
फोन: 0135-2433320, 9412051301

Krishna Misthan Bhandar
High Class Bengali Sweet & Namkeen
Haridwar Road, Rishikesh (Uttarakhand)
Ph.: 0135-2431097

An ISO 9001-2008 Certified Institute
SIX SIGMA INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
पॉलीटैक्निक
AICTE Approved & Affiliated to UBTE Roorkee
Campus : Jafarpur-Dineshpur Road, RUDRAPUR
9639322220/21

GREENWAY INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES
Affiliated to Uttarakhand Technical University, Dehradun
Courses Offered
BBA, BCA, B. Com, B.Lib, M.Lib., B.Sc. (Fashion Designing), B.Sc. (Computer Science), B.A. (Mass Com.), B.Sc. (Animation)
Counselling open on all 7 days (including Sunday)
Web : www.greenwaystudies.com
Contact- 8979310320, 9359391413, 8126707420

Dreams Unlimited
Ph.: 0135-2435800, 9557565579, 8810008919

ADMISSION OPEN
SHEETAL COLLEGE OF BIOMEDICAL SCIENCE
Hotel Management
B.P.T. B.M.L.T B.M.M. P.G. YOGA
Hostel & Mess Facility Available
154, Ashutosh Nagar Dehradun Road, Rishikesh
Tel: 0135-2431776
Cell : 9837167846

OMKARANANDA Institute of Management & Technology
MBA | MBA | M.Sc. | B.Sc. | BCA | M.Lib. | B.Lib. | BBA | MA/BA | B.Ed.

Contact for advertisement :- 9758747321